सत्यमेव जयते

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 02 मार्च, 2016

षोडश विधान सभा
द्वितीय सत्र

बुधवार, तिथि 02 मार्च,2016 ई0
12 फाल्गुन, 1937 (शक)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय-11.00 बजे पूर्वाह्न)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

प्रश्नोत्तर काल । तारांकित प्रश्न लिये जायेंगे ।

(व्यवधान)

श्री प्रेम कुमार: महोदय, राज्य में लगातार अपराध बढ़ रहा है । कल सीवान में 17 लाख रू0 दिन-दहाड़े महोदय गोली चलाकर के लूट लिया । पटना सिटी के खाजेकला के प्लास्टिक व्यवसायी को मारने और हत्या करने का प्रयास किया गया । विधि व्यवस्था की स्थिति ।

श्री श्रवण कुमार: अध्यक्ष महोदय, किस नियम के तहत माननीय विरोधी दल के नेता यह उठा रहे हैं मैं जानना चाहता हूं उनका मकसद क्या है ? कोई भी सवाल उठाना है तो उसके लिये कार्य संचालन नियमावली बनी हुई है और कार्य संचालन नियमावली के हिसाब से सरकार जवाब देगी महोदय । ऐसे ही खड़ा होंगे तो उसका जवाब कौन देगा ? महोदय, मेरे कहने का मतलब यह है कि नेता, प्रतिपक्ष को गंभीर होना चाहिए और गंभीरता से किसी मामले को उठाना चाहिए । लेकिन गंभीरता से महोदय कहां उठा रहे हैं सवाल ।

तारांकित प्रश्न संख्या-251 (श्रीमती लेशी सिंह)

अध्यक्ष: प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन विभाग ।

(व्यवधान)

श्री प्रेम कुमार: कार्यस्थगन महोदय दिया गया है । राज्य में बढ़ते अपराध और राज्य में गिरती विधि व्यवस्था ।

(व्यवधान)

श्री विजय प्रकाश: आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में चरणबद्ध तरीके से भूमि की उपलब्धता के आधार पर 54 अनुमंडलों में नया आई0टी0आई0 संस्थानों के लिए 16.02.16 की मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वीकृति दी जा चुकी है ।

अध्यक्षः मननीय मंत्री जी आपका उत्तर तो परिचारित है अब तो मा0 सदस्या पूरक पूछेंगी ।

श्री विजय प्रकाशः हम बता देते हैं सर डिटेल ।

अध्यक्षः नहीं डिटेल तो आपका उत्तर आया हुआ है । बल्कि आपको आसन की तरफ से इसके लिए धन्यवाद है कि आपने समय पर उत्तर भेज दिया है । आपके विभाग से जो परिचारित है । जो आज का आर्डर पेपर है उसके साथ यह परिचारित है अब माननीय सदस्या आपसे पूरक पूछेंगी ।

श्रीमती लेशी सिंहः माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं पूर्णिया जिला पदाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर जमीन संबंधी प्रस्ताव चिन्हित करके भिजवा दूंगी तो क्या माननीय मंत्री महोदय वित्तीय वर्ष 2016-17 में धमदाहा अनुमंडल में आई0टी0आई0 खोलने का विचार रखते हैं ?

श्री विजय प्रकाशः महोदय, सुशासन के निश्चय में आदरणीय नीतीश कुमार जी ने जो तय किया है कि चरणबद्ध तरीके से 54 अनुमंडलों में हमलोगों को, 16.02.2016 के मंत्रिपरिषद की बैठक में भी तय हो चुका है, इसको चरणबद्ध तरीके से हर अनुमंडल में आई0टी0आई0 स्कूल खोलने का । हमलोग निर्देश भेज चुके हैं सभी जिला पदाधिकारियों को कि जमीन की उपलब्धता करायें और इसको चरणबद्ध तरीके से किया जाय कॉलेज का ।

अध्यक्षः आपको पूरक पूछना है तो पूछ लीजिये ।

श्रीमती लेशी सिंहः अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से जमीन चिन्हित हो जाने पर खोला जाएगा सभी अनुमंडल मुख्यालय में । मैं माननीय मंत्री महोदय से जो पूरक प्रश्न पूछी उसमें स्पष्ट मैंने माननीय मंत्री से सरकार से जानना चाहा कि क्या वित्तीय वर्ष 2016-17 में धमदाहा अनुमंडल में आई0टी0आई0 की स्थापना करने का विचार रखते हैं ? हमें मंत्री जी का स्पष्ट जवाब नहीं मिला ।

श्री विजय प्रकाशः हम आपके सुझाव के अनुसार 2016-17 में इसको पूरा करने का प्रयास करेंगे ।

अध्यक्षः मा0 सदस्य, श्री नंद किशोर जी ।

श्री नंद किशोर यादवः महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने अपने जवाब में सुशासन के कार्यक्रम का जिक्र किया है महोदय । मैं माननीय मंत्री महोदय जी से जानना चाहता हूं कि सरकार के सुशासन के कार्यक्रम 2010-2015 में जो पुस्तिका छपी थी उसके पृष्ठ 9 पर यह बात अंकित है कि राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालय में लघु औद्योगिक

प्रशिक्षण संस्थान, सभी अनुमंडलों में एक एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना किये जायेंगे । महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि जब 2010-15 के राज्य के सुशासन के कार्यक्रम में सभी अनुमंडल में एक एक औद्योगिक संस्थान खोलने का

...

निश्चय था तो क्या कारण है कि अब तक इस छठे वर्ष भी पांच वर्ष में जो काम पूरा करना था इस वर्ष भी काम पूरा नहीं हुआ । कारण क्या है ?

श्री विजय प्रकाश: मा0 सदस्य जो बोल रहे हैं पहले से जो किया हुआ है जमीन नहीं मिल पाया था उस समय आपलोग साथ थे जमीन नहीं दे पाये थे और हमलोग उसको प्रयास कर आगे बढ़ा रहे हैं ।

अध्यक्ष: मा0 सदस्य, नंद किशोर बाबू माननीय मंत्री का कहना है कि आपने जो सुशासन के कार्यक्रम 2010 से 2015 तक जो जिक्र किया उसी काम को सरकार आगे बढ़ा रही है । जमीन चिन्हित करा रही है और जैसे ही जमीन चिन्हित होगी आई0टी0आई0 खोला जाएगा ।

श्री नंद किशोर यादव: पांच साल में जमीन चिन्हित नहीं हुआ महोदय, बनेगा कब ? महोदय माननीय मंत्री महोदय का जो जवाब है बड़ा हास्यास्पद है । हमें आपका संरक्षण चाहिए महोदय । यह सुशासन का कार्यक्रम महोदय सिर्फ वक्तव्य नहीं है किसी नेता का । यह सुशासन का कार्यक्रम मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत है महोदय । और इसीलिये इस बात का निर्णय लिया गया था कि पांच साल में हर अनुमंडल में पॉलटेकनिक खोला जाएगा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोला जाएगा। महोदय क्या कारण है कि नहीं खोला गया । जवाब नहीं दे रहे हैं मंत्री महोदय । आखिर पांच साल तक क्यों नहीं खोला गया इसका जवाब चाहिए । क्या सरकार ने पांच साल तक कोई काम नहीं किया इसके लिए,कोई प्रयास नहीं किया । इसका भी जवाब चाहिए महोदय । हम जानना चाहते हैं महोदय ।

श्री विजय प्रकाश: माननीय सदस्य की बातों को हम सुन रहे हैं ।

श्री विजेन्द्र प्र0 यादव: महोदय, माननीय सदस्य जो कह रहे हैं मेरे यहां तय हुआ था इस कार्यक्रम में कि हर अनुमंडल में एक आई0टी0आइ0 खुलेगा महिला आई0टी0आई0।मेरे यहां तो आधे से ज्यादा बिल्डिंग बन गया है । जहां जमीन उपलब्ध हुआ वहां का कार्य प्रगति पर है । जहां जमीन नहीं मिला है बारी-बारी से उसको किया जा रहा है । ऐसा नहीं है कि जीरो पर खड़े हैं । ऐसी बात नहीं है । लेकिन जमीन की कठिनाइयां बिहार में है यह सबको विदित है सबको मालूम है ।

तारांकित प्रश्न संख्या-252 (श्रीमती भागीरथी देवी)